ॐ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ प्रांत,रायपुर

जागृति मंडल, गोविंद नगर, रायपुर

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 8 सितंबर 2019

रायपुर। जनजाति समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं जिसमें संघ के कई स्वयंसेवक भी हैं, जिनकी हो रही हत्याओं के विरोद्ध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विशाल मौन प्रदर्शन किया। रविवार आज दिनांक 8सितंबर 2019 को राम मंदिर के प्रांगण में विशाल सभा का आयोजन कर इस प्रदर्शन के संबंध में संघ के सह प्रांत संघचालक डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना द्वारा आयोजन की पूरी भूमिका रखते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आपका ध्यान छत्तीसगढ़ के जनजाति क्षेत्र में हो रही हिंसात्मक गतिविधियों की तरफ आकृष्ट कराना चाहता है।

आपके संज्ञान में होगा कि हाल ही में दुर्गुकोंदल क्षेत्र में एक पूर्व सरपंच दादू सिंह कोरेटिया जी की हत्या उनके घर में घुसकर की गई है। दादू सिंह जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता थे।

यह घटना अपने आप में ही सबके हृदय को विदीर्ण करने वाली है परंतु यही एकमात्र घटना है ऐसा भी नहीं है। हाल ही में संघ एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए कई कार्यकर्ताओं को धमकियां दी गई हैं, उनके साथ हिंसात्मक व्यवहार किया गया है, हत्याएं हुई हैं एवं गांव छोड़कर जाने की स्थितियां उत्पन्न की गई है।

संघ इस बात का आग्रही है कि समाज में अलग-अलग मत रखने वाले लोग भी परस्पर सद्भाव, सम्मान और सहकार के साथ रहे। परंतु गत कुछ समय से होने वाली घटनाओं को देखकर प्रतीत होता है कि जनजातीय क्षेत्र के जनजातीय

सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक नेतृत्व की योजनाबद्ध हत्याएँ करके जनजाति समाज को कमजोर करने की साजिश चल रही है।

आज यह भी देखा जा रहा है कि विभिन्न जाति एवं जनजातीय समाजों को एक दूसरे के विरोध में खड़ा किया जा रहा है और परंपरागत धार्मिक उत्सवों और यात्राओं में पूर्व जैसा मिल जुलकर मनाने की परंपरा रही है उसमें अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है।

यह भी ध्यान में आता है कि यह कार्य कई राष्ट्र विरोधी शक्तियां मिलकर कर रही हैं। इन शक्तियों के अंतर्संबंध की जांच होनी चाहिए और जिस प्रकार से यह षड्यंत्र क्षेत्र में अप्रिय स्थितियां उत्पन्न कर रहा है उसका समाधान होना चाहिए।

उक्त प्रकार के कृतियों की जांच होगी और सभी दोषी शक्तियों पर समाधान कारक कार्रवाई होगी, ऐसी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा है।

इस अवसर पर मंचासीन श्री बालक दास जी महाराज, श्री स्वामी प्रपन्नाचार्य जी, सहित कई संतों के साथ प्रांत संघचालक विसरा राम जी यादव, सह प्रांत संघचालक डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना, प्रांत कार्यवाह श्री चंद्रशेखर वर्मा जी, सह प्रांत कार्यवाह श्री गोपल यादव जी, सह प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन जी, प्रांत प्रचारक श्री प्रेम शंकर जी, कार्यकम के संयोजक श्री सुशील यादव, रुपनारायण सिन्हा जी थे।

साथ ही राम मान्दिर से तेलिबंधा तालाब तक विशाल मौन रैली निकाल कर राज्यपाल, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। मौन प्रर्दशन में पुर्व मुख्यमंत्री श्री रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री धर्मलाल कौशिक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विक्रम उसेंडी, भाजपा के सभी सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि सहित छतीसगढ के बस्तर, सरगुजा सहित सभी जिलों से संघ के 15 हजार से आधिक कार्यकर्ता से उपस्थित रहे। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही।

(सुरेन्द्र कुमार)

प्रांत प्रचार प्रमुख